भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2827

जिसका उत्तर दिनांक 03.08.2022 को दिया जाना है

परमाणु संयंत्रों के निकट रहने वाले ग्रामवासियों को नौकरियां देना

2827. श्री पी. वेलुसामी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तमिलनाडु में प्रस्तावित कलपक्कम और कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निकट के गांवों में रहने वाले प्रत्येक परिवार के कम से कम एक सदस्य को संयंत्र के शुरू होने पर उसमें नौकरी दी जाएगी;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने कलपक्कम परमाणु प्रतिष्ठान के आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों को भी यही रियायत दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) कलपक्कम में कुल कितनी भूमि का अधिग्रहण किया गया है और कलपक्कम परमाणु प्रतिष्ठान में स्थानीय भूस्वामियों को कितनी नौकरियां दी गई हैं; और

(घ) कलपक्कम में उन ग्रामवासियों को नौकरी नहीं देने के क्या कारण हैं, जिन्होंने जैतपुर में उक्त प्रस्ताव हेतु अपनी जमीन की पेशकश की थी?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) से (घ) नाभिकीय संयंत्र प्रबंधन, दिशा-निर्देशों के अनुसार, नाभिकीय संयंत्र के समीप में रहने वाले ग्रामवासियों के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास करता है।

*****